हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 19.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 दूरस्थ इलाकों में शिक्षा स्तर सुधार कसावट लाने निरंतर...



12 जीजा माता के संस्कारों से ही भारत में हुआ हिंदुत्व का...





## खबर संक्षेप

### कायस्थ समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण आज

**फिंगेश्वर।** 20 जनवरी को कायस्थ समाज फिंगेश्वर के भवन लोकार्पण कार्यक्रम समारोह को लेकर मुख्यअतिथि के रूप मे राजिम विधायक रोहित साहू फिंगेश्वर में होंगे। वहीं पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव होंगे। वहीं पर अध्यक्षत नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी करेंगे। वहीं पर विशिष्ट अतिथि संतोश उपाध्याय सहित अन्य अतिथि गण होंगे। कार्यक्रम में राजमहल रोड पर वार्ड क्रमांक 14 मे दोपहर 2 बजे संपन्न होगा।



### ब्लॉक स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा 22 को

**छुरा।** खेल एवं युवा कल्याण एवं जिला कार्यालय गरियाबंद के अनुसार महिलाओं के स्वास्थ्य एवं खेल के प्रति जागृति एवं छिपी प्रतिभा को आगे लाने के उद्देश्य से आयोजित खेल प्रतियोगिता प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद पंचायत के माध्यम से महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दो आयु वर्गों में 22 जनवरी को मिनी स्टेडियम छुरा में किया जा रहा है। बालिका आयु वर्ग 9-18 वर्ष एवं महिला आयु वर्ग 18-35 वर्ष होगी कुल 10 विधाओं में यह प्रतियोगिता होगी जिसमें व्यक्तिगत खेल में दौड़ 100 मी, 400 मी, तवा फेंक, बैडमिंटन सिंगल डबल कुश्ती 50 किग्रा 53 किग्रा वेटलिफ्टिंग बालिकावर्ग 40 किग्रा 45 किग्रा महिला वर्ग 45 किग्रा 49 किग्रा इसके साथ सामुहिक खेल खो खो, हॉकी फुटबाल, व्हालीबाल, बास्केटबॉल, रस्साकसी बालिका वर्ग कुल भार 460 किग्रा महिला वर्ग कुल भार 500 किग्रा रहेगा। विजेता टीम एवं खिलाडियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महिला एवं बालिका खिलाड़ियों को ग्राम पंचायत में फार्म भरकर पंजीयन कराना होगा एवं वांछित जानकारी प्रदान करना होगा अधिक जानकारी के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा से अथवा संबंधित शाखा से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

### रतनपुर में सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तरीय बैठक 25 को

**छुरा।** सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्वावधान में 25 जनवरी को सुबह 11 बजे से मां महामाया की नगरी मंदिर प्रांगण, रतनपुर में एक प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक "नारी शक्ति के सम्मान एवं जागरण" को समर्पित होगी, जिसमें पूरे प्रदेश से महिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज की मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल होंगी। इस अवसर पर समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकार, सम्मान और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को एकजुट कर समाज एवं संगठन में उन्हें उचित सम्मान और सशक्त भागीदारी दिलाना है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब नारी शक्ति सशक्त, संगठित और सम्मानित होगी। बैठक की एक विशेष उपलब्धि यह रहेगी कि प्रदेश महिला कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की घोषणा इसी मंच से की जाएगी। इससे संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष धनमती यादव, किरण यादव एवं महामंत्री गीता यादव ने समाज की सभी महिलाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदेश स्तरीय बैठक में उपस्थित होकर अपनी एकता और शक्ति का परिचय दें। उन्होंने कहा कि "आपकी उपस्थिति ही नारी शक्ति की शेष पेज 10 पर

# जिले में 11.25 करोड़ की लागत से बनेगा सर्वसुविधायुक्त नवीन न्यायालय भवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिला मुख्यालय गरियाबंद में न्याय व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप जिला मुख्यालय गरियाबंद में व्यवहार न्यायालय के नवीन सर्वसुविधायुक्त भवन के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा 1125.92 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस भवन की स्वीकृति के लिए विधायक रोहित साहू पिछले लंबे समय से न्यायालयीन परिसर की समस्याओं और वहां की सीमित जगह को लेकर शासन स्तर पर पत्राचार कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री और विधि विभाग के समक्ष गरियाबंद में नए भवन की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा था। इस स्वीकृति के साथ ही अब क्षेत्र के अधिवक्ताओं और न्याय पाने आने वाले पक्षकारों के लिए एक आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त परिसर की सुविधा मिलेगी। विदित हो कि 90 के दशक में पुराने सेटअप के आधार पर बने भवन में वर्तमान में तीन अलग अलग न्यायालय का संचालन हो रहा है। जिस भवन में एक न्यायालय का सेटअप पर्याप्त नहीं वहां तीन न्यायालय का लगने से कई सुविधाएं प्रभावित हो रही थी। अधिवक्ताओं की बैठक व्यवस्था से लेकर परिसर में आवश्यक सुविधाओं का अभाव था।

■ विधायक रोहित साहू के प्रयासों को मिली सफलता

## अधिवक्ताओं और न्याय पाने आने वाले पक्षकारों को आधुनिक सुविधा मिलेगी

### सुविधाओं से सम्पन्न होगा नया सिविल कोर्ट भवन

सवा 11 करोड़ की लागत से बनने वाला यह नवीन भवन सुविधाओं से सम्पन्न होगा। प्रस्तावित योजना के अनुसार भवन में न्यायाधीशों के लिए सुसज्जित और पर्याप्त जगह वाले चैंबर्स के साथ ही वकीलों के बैठने और कार्य करने के लिए व्यवस्थित अधिवक्ता कक्ष की सुविधा मिलेगी। न्याय की आस लेकर आने वाले आम नागरिकों के बैठने, स्वच्छ पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। नवीन भवन में तकनीकी सुविधाओं और डिजिटल रिकॉर्ड की भी व्यवस्था होगी। इसके अलावा परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम और वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग क्षेत्र विकसित किया जाएगा।

### जनता और न्याय के बीच की दूरी होगी कम : रोहित साहू



इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारा उद्देश्य गरियाबंद को विकास के हर मोर्चे पर अग्रणी बनाना है। एक बेहतर न्यायालय भवन से न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों को काम करने में सुगमता होगी और दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को भी बेहतर वातावरण मिलेगा। यह सवा 11 करोड़ की स्वीकृति क्षेत्र की जनता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एक हिस्सा है। विधायक रोहित साहू ने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करने की औपचारिकताएं पूरी कर निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। भवन की स्वीकृति मिलने पर गरियाबंद जिला अधिवक्ता संघ के साथ ही सभी तहसीलों के अधिवक्ता संघ और स्थानीय नागरिकों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वर्तमान में जगह की कमी और पुराने ढांचे के कारण कार्य संपादन में चुनौतियां आती थीं, जो अब नए भवन के निर्माण से दूर हो जाएंगी।

## धान खरीदी : अध्यक्ष ने कहा- परिवहन की व्यवस्था नहीं हुई तो खरीदी होगी बंद

# बोरसी उपार्जन केंद्र में परिवहन ठप होने से धान खरीदी पर संकट, लिमिट से 5 गुना ज्यादा स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

फिंगेश्वर। धान का कटोरा कहे जाने वाले प्रदेश में जहां एक ओर सरकार रिकॉर्ड धान खरीदी का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर परिवहन (डीओ) की सुस्त रफ्तार ने समितियों की कमर तोड़ दी है। फिंगेश्वर क्षेत्र के बोरसी सोसायटी में धान का उठाव नहीं होने के कारण अब नए धान को रखने और तौल करने के लिए जगह नहीं बची है। सोसायटी अध्यक्ष छन्नूराम साहू ने अधिकारियों के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

बोरसी सोसायटी में शासकीय रूप से क्रय किए गए किसानों के धान का परिवहन नहीं होने पर धान उपार्जन केन्द्र में जगह का अभाव बन गया है जिसके चलते तौल करना मुश्किल हो रहा है। जगह के अभाव में धान खरीदी करना संभव नहीं हो पा रहा है। उक्त बाते सोसायटी अध्यक्ष छननुराम साहू ने कही। उन्होंने विपणन अधिकारी सहित सभी उच्चधिकारियों को अवगत कराते हुए परिवहन कार्य तेजी से करान की अपील की है। लेकिन अधिकारियों शेष पेज 10 पर





### धान खरीदी का काउंटडाउन शुरू, 9 दिन शेष

से 30 जनवरी तक धान खरीदी करने को कहा गया है, जो किसानों की टेंशन बढ़ा सकता है। दरअसल 26 जनवरी का अवकाश और 31 जनवरी को शनिवार होने के कारण उत्त तिथि में धान बेचने के लिए जारी किए गए टोकन को शासन स्तर से संशोधित किया जाकर 31 जनवरी के लिए जारी टोकन का धान अब 30 जनवरी को खरीदा जाएगा। उपार्जन केन्द्र के प्रभारी पंकज कुमार यादव ने क्षेत्र के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि 30 जनवरी का धान खरीदी का अंतिम दिन होगा। समस्त किसान धान बेचने के लिए अपने क्षेत्र के खरीदी केन्द्रों में ले जाना सुनिश्चित करें। दूसरी ओर धान खरीदी के सिर्फ 9 दिन शेष हैं और अब तक 70 हजार क्विंटल से ज्यादा की खरीदी हो चुकी है। रसेला समिति के अंतर्गत कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 1204 है, जिसमें 1035 किसानों ने अपना धान विक्रय किया गया है। ज्ञात हो कि 24-25 में रसेला समिति द्वारा 85 हजार क्विंटल की धान खरीदी की गई थी। कई वर्षों से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर रहे नारायण सिंह ठाकुर, सुखराम ठाकुर, बताते हैं कि इस वर्ष की धान खरीदी व्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शिता और किसान हितैषी रही। उपार्जन केन्द्र में समयबद्ध तौल, व्यवस्थित लाइन प्रणाली, सहयोगी कर्मचारियों की मौजूदगी और त्वरित प्रक्रिया के चलते किसानों को किसी भी प्रकार का समय बचा और व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ। किसान को आत्मनिर्भर बनाती है। धान विक्रय से मिली आय का उपयोग सुरेन्द्र ठाकुर, कुशल ध्रुव, बेहतर खेती के विस्तार, पुराने कृषि ऋणों के भुगतान और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में कर रहे हैं। उनका मानना है कि आर्थिक स्थिरता किसान को आत्मनिर्भर बनाती है और परिवार को सुरक्षित भविष्य देने में सहायक होती है।

# तेंदुए का नर-मादा जोड़ा उदंती के कैमरे में कैद

## वन विभाग ने जारी किया अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल से एक बार फिर नर और मादा तेंदुआ जंगल में एक साथ विचरण करते कैमरे में कैद हुआ है वन विभाग के अधिकारी निरीक्षण में निकले थे इस दौरान एसडीओ की टीम को सड़क किनारे दो तेंदुआ नजर आया जिसकी तस्वीर अपने कैमरे में कैद की। बताया जा रहा है उक्त दोनों नर और मादा तेंदुआ है। क्षेत्र की पहचान सिर्फ धान के कटोरे और माओवादियों से नहीं होती। छत्तीसगढ़ की असल पहचान यहां के जल, जंगल और जमीन से भी होती है। घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा छत्तीसगढ़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां के घने जंगलों में हाथियों, भालुओं और तेंदुओं की भरमार है। पहाड़ और जंगल की वजह से यहां यहां बड़ी संख्या में तेंदुए पाए जाते हैं। सबसे ज्यादा संख्या में तेंदुए देखे जाते हैं। खाने पीने और पानी के भरपूर स्त्रोत इन जंगली जीवों को यहां बेहतर आशियान देते हैं इसके साथ ही यहां के रिजर्व फॉरेस्ट में बड़ी संख्या में दुर्लभ जीव जंतु भी पाए जाते हैं क्षेत्र में अक्सर तेंदुए शिकार की तलाश में रिहायशी इलाकों के करीब तक पहुंच जाते है। रविवार की रात नर और मादा तेंदुए एक साथ चहलकदमी शेष पेज 10 पर

■ उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में दिखा तेंदुओं का रोमांस

# 20 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "नया सवेरा" के तहत गरियाबंद पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई करते हुए पाण्डुका थाना क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब बेचने, पिलाने एवं अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पाण्डुका थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र एवं पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था।



इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पाण्डुका पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ग्राम कुकदा निवासी 26 वर्षीय जागेश्वर ध्रुव को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से 10-10 लीटर की दो सफेद रंग की जरकिन में शेष पेज 10 पर

# समाज के विकास में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो : दीपक





हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

भक्त गुहा निषाद जयंती बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक पंचकोशी धाम फिंगेश्वर में नगर निषाद समाज द्वारा सौहार्दपूर्ण तरीके के साथ धाणमक वातावरण के बीच शोभायात्र निकाला गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश्वर प्रसाद शर्मा के द्वारा भगवान श्रीराम जानकी भक्त गुहा निषाद राज की पूजा अर्चना मंत्रेच्चारण कर महिलाओं के द्वारा सिर पर जल कलशयात्र का शुभारंभ हुआ। भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी आकर्षक का प्रमुख केन्द्र रहा आगे आगे डीजे की धून के साथ झूमते गाते हजारों की संख्या में निकाली गई। शोभायात्रा फुलवारी प्रांगण बालाजी मंदिर से होते हुए मौलीपारा हल्बापारा,पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड शिवाजी चौंक बिजली आफिस टिकरापारा होते हुए वापिस फुलवारी प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर में निषाद समाज को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सुर्यवंशी ने कहा की निषाद समाज बहुत ही सरल लोगों का समाज है जिसकी गिनती मेहनत कश लोगों में की जाती है। आज शेष पेज 10 पर

### ये रहे शामिल

इस अवसर पर हरीश हरित,पार्षद जगदीश यदु, पार्षद अनिल चंद्राकर, पार्षद चंचल कमलेश यदु, पार्षद कुसुम डोमार धुव, पार्षद पदमा यदु, पार्षद चांदनी कमलेश कश्य, ओमप्रकाश बंछोर पूर्व सरपंच फिंगेश्वर, जितेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व एल्उरमैन, मनोहर निषाद 84 पाली अध्यक्ष फिंगेश्वर, विश्राम निषाद, छेरकू निषाद, गढहा निषाद, टेटकू निषाद, कोमल निषाद, मंशाराम निषाद, संरक्षक दिलीप निषाद, कामता निषाद, मनबोधी निषाद, अशोक निषाद, अमरू निषाद, नरेश निषाद, संतु निषाद, माधव निषाद, प्रेमलाल निषाद, रमेश सर्वे, मिलऊ निषाद, अर्जुन निषाद कार्यकर्ता मनोहर निषाद, योगेश्वर निषाद, किस लाल निषाद, विनोद निषाद, हीरा लाल निषाद, खबलू निषाद, चन्द्रहास निषाद, इतवारी निषाद, जनक निषाद नारायण निषाद, शामिल रहे।

## जिला मिशन समन्वयक ने ली प्रधानपाठकों और संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक

# अपार आईडी और यू-डाइस कार्यों को पूर्ण करें : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

राज्य में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाएं आगामी 20 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी और परीक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चन्द्राकर ने हायर सेकेंडरी स्कूल, अतरमरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में संचालित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्थाओं, अनुशासन, प्रश्न पत्रों की गुणवत्ता तथा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति और परीक्षा संचालन की स्थिति की भी समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि लोक शिक्षण संचालनालय, नया रायपुर के निर्देशानुसार गरियाबंद जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में कक्षा दसवीं और बारहवीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। इन परीक्षाओं में बोर्ड परीक्षा के अनुरूप प्रश्न पत्र एवं अंक विभाजन निर्धारित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक बोर्ड परीक्षा जैसा वातावरण मिल सके। इससे विद्यार्थियों में समय प्रबंधन, प्रश्नों की समझ और उत्तर लेखन की रणनीति विकसित होगी तथा मुख्य परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का भय या दबाव नहीं रहेगा।




**परीक्षा के परिणामों को बेहतर बनाने की रणनीति पर चर्चा-** निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने, नियमित अध्ययन करने और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। विद्यार्थियों ने भी विषयों की कठिनाई और परीक्षा से संबंधित शंकाओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनका समाधान सहज और प्रेरणादायक ढंग से किया गया। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों और विद्यालय स्टाफ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड परीक्षा के परिणामों को बेहतर बनाने की रणनीति शेष पेज 10 पर

# शिवपुराण कथा के शुभारंभ से पूर्व निकाली कलशयात्रा



**अभनपुर।** पुराना धमतरी रोड खिलोरा मे आयोजित शिव महापुराण कथा के शुभ अवसर पर शंकराचार्य कॉलेज सिद्धेश्वरी मंदिर से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई इस अवसर पर कथावाचक पं.युवराज पाण्डेय का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। आसपास के गांव से हजारो की संख्या मे महिलाये कलश यात्रा मे शामिल हुई, पूज्य महराज जी द्वारा कथा स्थल मे निर्मित केदारनाथ मंदिर मे सर्वप्रथम पूजा उपरांत व्यास गद्दी वेदी पूजन किया गया। श्रद्धालुओ की बड़ी संख्या मे शामिल होने के कारण कथा स्थल मे पहुंचने मे ही ढाई से तीन घंटा का समय लगा इसलिए शिवपुराण की महत्ता का वर्णन 20 जनवरी से दोपहर 1 से 4 बजे तक सुनाया जायेगा। इस अवसर पर आयोजनकर्ता श्रीमति पुष्पादेवी अग्रवाल,गंगाधर अग्रवाल सहपरिवार कलश यात्रा मे सम्मिलित रहे प्रथम दिवस ही विशाल संख्या मे श्रोतागण कथा स्थल मे पहुंचे थे। क्षेत्र मे पहली बार इतनी बड़ी तैयारियो के साथ इस कथा का आयोजन हो रहा है इससे आयोजन को लेकर आसपास के ग्रामीणो मे भारी खुशी का माहौल है तथा गांव के युवाओं द्वारा सेवादारी के रूप मे पूरा व्यवस्था मे लगे हुये है।

## खबर संक्षेप

### किसानों के घर जाकर धान की जांच करना अन्नदाता का अपमान : प्रवीण

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ने धान खरीदी को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी नए आदेश पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन टोकन नहीं कट पाने वाले किसानों के लिए ऑफलाइन टोकन की व्यवस्था राहत के बजाय नई परेशानी बन गई है, क्योंकि इसके साथ किसानों के घर, खेत और खलिहान में जाकर जांच करने का निर्देश दिया गया है। प्रवीण साहू ने कहा कि टोकन कटने के बाद किसान के घर जाकर धान की मात्रा की जांच करना किसानों के सम्मान और अधिकारों के विरुद्ध है। प्रत्येक किसान को उसकी भूमि के अनुसार धान बेचने का लक्ष्य दिया जाता है और किसान उसी लक्ष्य के अनुरूप टोकन कटवाता है। ऐसे में किसानों की निजी संपत्ति और घरों में जांच का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार धान खरीदी की प्रक्रिया को जटिल बनाकर किसानों को परेशान कर रही है, जिससे खरीदी लक्ष्य पूरा न हो सके। वर्तमान स्थिति में सरकार अपने धान खरीदी लक्ष्य का पूरा प्रतिशत हासिल नहीं कर पाई है और अब शेष लक्ष्य पूरा करने के नाम पर किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसान कोई अपराधी नहीं, बल्कि अन्नदाता है। कांग्रेस शासनकाल में किसानों का पूरा धान बिना किसी भय, दबाव और अपमान के खरीदा जाता था। उन्होंने मांग की कि किसानों के घर जाकर जांच करने का आदेश तत्काल वापस लिया जाए। प्रवीण साहू ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसान विरोधी आदेश वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस गांव से लेकर राजधानी तक आंदोलन करेगी।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** चारभांठा-मुनगासेर के बीच कार की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मनोज ढीढी ग्राम डोकरपाली ने बताया कि 18 जनवरी को वह अपनी को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचए 6059 से अपने बहन दामाद खिलावन कुर्रे के साथ डोकरपाली से भैसाताल ओडिशा गया। वापस आ के दौरान चारभांठा मुनगासेर के बीच कार क्रमांक सीजी 04 एलटी 0949 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर चारभांठा की ओर भाग गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### डीजे को लेकर जमकर विवाद, हुई मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सराईपाली में डीजे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ हुए मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लिलेंद्र पटेल ने बताया कि 18 जनवरी के शाम करीबन 4 बजे संतोष पटेल के घर के सामने गली में डीजे बजाया जा रहा था, तब गांव के विजय शंकर पटेल ने आकर यहां डीजे क्योंर बजा रहे हो कहा। तब प्रार्थी ने कहा कि संतोष पटेल से पूछे है और उसने कम आवाज में डीजे बजाने के लिये कहा है। इस पर आरोपी विजय शंकर पटेल ने वाद विवाद और गाली गलौज कर हाथ मुक्काल से मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब दुकान में चला चाकू, एक की हत्या

**महासमुंद।** शराब दुकान में हुए विवाद के बीच हुई चाकूबाजी में एक युवक की मौत हो गई। हत्या के इस मामले में शराब और नशा की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आ रही है। नशे की हालत में हुई घटना में समीपस्थ ग्राम शेर निवासी 23 वर्षीय जितेंद्र साहू की देशी शराब दुकान परिसर में ही मौत हो गई। मामले में पुलिस को खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के कारणों और आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई। सूत्र बताते हैं कि मामले में 3 लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।

---

**निरीक्षण : मंत्री राजेश अग्रवाल और विधायक रोहित साहू ने लिया तैयारियों का जायजा**

# 12 ज्योतिर्लिंग की थीम पर सजेगा राजिम कुंभ कल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम कुंभ कल्प 2026 का आयोजन भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से किए जाने की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। कुंभ कल्प का आयोजन आगामी 1 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसी संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल एवं विधायक रोहित साहू ने अधिकारियों के साथ नए मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेला स्थल के संपूर्ण लेआउट का अवलोकन करते हुए आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर बीएस उईके, डीएफओ शशिगानंदन के, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष श्री चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक श्री संतोष उपाध्याय, एसडीएम श्री विशाल महाराणा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने नए मेला स्थल में निर्माणाधीन अस्थायी मुख्य मंच, मेला मैदान की लेवलिंग, विभागीय स्टॉल निर्माण, मीना बाजार स्थल, पार्किंग व्यवस्था, नदी क्षेत्र में अस्थायी एवं स्थायी सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, वीआईपी पार्किंग, मीडिया सेंटर, अस्थायी अस्पताल एवं आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नदी क्षेत्र में लगने वाले स्टॉलों एवं अस्थायी सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए।



#### आस्था का दिखेगा संगम

मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष राजिम कुंभ कल्प का आयोजन "बारह ज्योतिर्लिंग" की थीम पर किया जाएगा, जिसके अंतर्गत आस्था का भव्य संगम देखने को मिलेगा। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर क्षेत्रीय सरस मेला का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के विक्रय का अवसर प्रदान किया जाएगा। इससे स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ ग्रामीण उत्पादों को व्यापक पहचान मिलेगी। निरीक्षण के दौरान श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से सभी तैयारियाँ समय-सीमा में पूर्ण करने तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

## जिला मिशन समन्वयक ने ली प्रधानपाठकों और संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले के पांचों ब्लाक गरियाबंद, देवभोग, छुरा, फिंगेश्वर अमलीपदर (मैनपुर) के सभी प्राथमिक, माध्यमिक प्रधानपाठकों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक 13 से 19 जनवरी तक अलग -अलग दिनों में आयोजित की गई। इस अवसर पर शैक्षणिक स्तर में सुधार एवं प्रशासनिक कसावट की दृष्टि से जिला मिशन समन्वयक द्वारा अपार आईडी, एफएलएन, यू डाइस, ड्रॉपबॉक्स, सी डब्ल्यू एसएन चिन्हांकन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने एवं व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए सबैठक में डीएमसी के अलावा, बीईओ हेमंत कुमार साहू, बीआरसी सुभाष शर्मा, एपीसी मनोज केला, विल्सन थॉमस, प्रोग्रामर नदीम अहमद, विनोबा प्रभारी शुभम पटेल सहित पांचों विकासखंड के बी ई ओ, बीआरसी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। शिक्षकों ने इस बैठक को बहुत पयोगी बताया। कई वर्षों बाद निचले स्तर के संस्था प्रमुखों की सीधी बैठक जिला अधिकारियों के साथ हुई है, आने वाले दिनों में इसके दूरगामी परिणाम देखने मिलेंगे डीएमसी शिवेश शुक्ला ने बताया कि दूरस्थ इलाकों में शिक्षा स्तर सुधार ब कसावट लाने उनसे सीधे संवाद एवं निरंतर समीक्षा की जरूरत है।

---

## निषादराज भक्त शिरोमणि के साथ समाज का गौरव : राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



निषाद समाज के गौरव निषादराज गुहा के जयंती को निषाद समाज ने हर्ष और उत्साह के साथ मनाया इस अवसर पर नगर पंचायत देवभोग अध्यक्ष राजेश तिवारी और उपाध्यक्ष सुशील यादव सहित सैकड़ों की संख्या में समाज प्रमुख और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुये। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी भगवान जगन्नाथ मंदिर से शोभायात्र का शुभारंभ हुआ जो पूरे नगर भ्रमण हुआ जिसमें निषाद समाज ने मनमोहक झांकी तैयार की थी इस झांकी में प्रभू श्री राम के अनन्य भक्त निषादराज गुहा, भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता के रूप में जीवंत प्रतित हो रहा था। निषाद राज गुहा की जयंती में बतौर अतिथि शामिल हुए नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा निषाद राज गुहा भगवान राम के अनन्य भक्त के साथ-साथ निषाद समाज के लिए गौरव हैं वहीं गई अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील यादव ने कहा की हिन्दू आराध्य भगवान श्री राम के पुनित कार्यों में निषाद समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

निषादराज गुहा के जयंती के अवसर पर निकाली गयी शोभायात्र में निषाद समाज के भीम निषाद, शिवलाल निषाद, नेमीचरण, सुखदेव डोमार निषाद, शम्भू, घेनुराम, संतोष, सोहन, डॉ. कांतामणी निषाद, कमलू निषाद, अंजोर, पदुम, तुलसीराम,अंजोर, चक्रधर निषाद, रमेश निषाद सहित तुनी, केशर, गोपनी, सुषमा, सरिता, प्रेमशिला, सस्मिता, नन्दिनी, यशोदा निषाद को मिला कर बड़ी संख्या में समजिक महिलाएं भी शामिल हुई।

प्रभू राम लक्ष्मण और माता जानकी सहित निषादराज गुहा के झांकी के नगर भ्रमण के दौरान प्रसादी वितरण किया गया वहीं समाज के बच्चों ने रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में रामायण आधारित निषाद राज के किरदार वाली प्रस्तुति दी। देर रात तक चले निषाद समाज के इस आयोजन में नगर पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा समाज प्रमुख और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे और बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की जमकर तारीफ हुई।

---

### पुलिस को देख गांजा का अवैध परिवहन कर रहा बाइक सवार गिरकर हुआ घायल

**महासमुंद।** गांजा का अवैध परिवहन कर रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने के प्रयास में गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने चेंकिंग के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 लाख 75 हजार रुपए का गांजा बरामद किया है। आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में नारकोटिक्स एक्ट व बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई मिली जानकारी के अनुसार पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 पीएन 1215 का चालक पुलिस को देखकर बाइक को मोड़ कर भागने का प्रयास कर रहा था, जो हड़बड़ी में गिर गया। गिरने से चालक के दाहिने पैर में घुटने के पास चोंट आयी, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जब पुलिस ने हड़बड़ाने का कारण पूछा तब संदेही ने बाइक के पीछे एक सफेद रंग के बोरी में गांजा होना बताया। इसके बाद आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 21.620 किलो गांजा कीमत 10, 75000 रुपए तथा बाइक की तलाशी लेने पर उसमें से दो नंबर प्लेट ओडी 31 केएल 1234 एवं ओडी 30 एफ 2911 व मोबाइल को बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उत्तम दास पिता अनिल दास (35 साल) झरापाली एमवी 85 थाना मलखानगिरी जिला मलखानगिरी (ओडिशा) होना बताया तथा बरामद शुदा गांजा को अपने रिश्तेदार गुड्डू तिवारी निवासी प्रयागराज उत्तर प्रदेश के कहने पर ओडिशा के मुण्डागुड़ा निवासी शिबु से प्राप्त कर गुड्डू तिवारी को उपलब्ध कराने ले जाना बताया। वहीं गुड्डु तिवारी द्वारा उपलब्ध कराए गए फर्जी नंबर प्लेट को गांजा परिवहन करने में प्रयुक्त कर अपने आधिपत्य के मोटर सायकल में लगाना बताया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट, 336(3), 340(2)-बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

---

## भावना ने सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी के नेशनल वर्कशॉप में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



वनांचल क्षेत्र की प्रतिभाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मेधा का परचम लहराया है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा की कक्षा 11वीं (विज्ञान संकाय) की मेधावी छात्रा भावना ध्रुव का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (IISc), बेंगलुरु में आयोजित दो दिवसीय वर्कशॉप ऑन सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी के लिए हुआ। वहां से विद्यालय वापसी पर भावना का विद्यालय परिवार द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। यह वर्कशॉप सेंटर फॉर नैनो साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वारा 15 एवं 16 जनवरी 2026 को IISc, बेंगलुरु परिसर में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के एकलव्य मॉडल रेसिडेंशियल स्कूल के चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। भावना ध्रुव ने इसमें बैच-1 के अंतर्गत सहभागिता की। वर्कशॉप का उद्देश्य इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी, नैनो साइंस, माइक्रो/नैनो फैब्रिकेशन तथा डिवाइस टेक्नोलॉजी जैसे उभरते वैज्ञानिक क्षेत्रों से परिचित कराना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना था। भावना की इस उपलब्धि से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा में हर्ष एवं गौरव का वातावरण है। विद्यालय वापसी पर आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ शिक्षिका श्वेता द्वारा छात्रा भावना ध्रुव को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा की यह सफलता विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं भावना की कड़ी मेहनत का परिणाम है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।" भावना ध्रुव का IISc, बेंगलुरु में सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी पर प्रशिक्षण प्राप्त करना न केवल एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुडा के लिए बल्कि पूरे गरियाबंद जिले के लिए भी गौरव की बात है। यह सफलता साबित करती है कि प्रतिभा पहाड़, जंगल या शहर नहीं देखती बस अवसर मिलते ही उड़ान भर लेती है।

---

## गंगाजमुना में राज्य स्तरीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता 23 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर ग्राम गंगाजमुना में गोड़वाना कबड्डी क्लब द्वारा 23 एवं 24 जनवरी दो दिवसीय डे नाईट राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर ग्राम के युवा व ग्रामीणजन लगातार तैयारी में लगे हुए है। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्र में कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखने को मिलता है और इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के सैकड़ों हजारों लोग शामिल होते है। प्रथम पुरस्कार 10 हजार एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 5 हजार एवं ट्रॉफी के साथ लगातार आठवें नंबर तक पुरस्कार रखा गया है और इसके अलावा बेस्ट रेडर, ऑलराउंडर, बेस्ट ब्लाकर, बेस्ट राइट केचर, बेस्ट लेफ्ट केचर, मैन ऑफ द मैच अनुशासित टीम का भी पुरस्कार वितरण किया जायेगा। राज्य स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता को सफल बनाने गोड़वाना कबड्डी क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र नेताम, उपाध्यक्ष लोकेन्द्र नागेश, सचिव खेवेन्द्र नेताम एवं ग्राम व क्षेत्र के युवा विनोद, प्रवीण, महेन्द्र, छत्तरसाय, कमलेश, चंद्रकिशोर, योगेन्द्र, भावेश, प्रवीण, तुलसीराम, ध्वज, तरूण, दुर्गेश, दुर्गाप्रसाद, कैलाश, विकास, जीवनलाल, गौतम, उमेश, कोमल, गणेश, नरेश, योगेश, परमे"वर, शीतल, दुरेन्द्र, हरपाल, कार्तिक, भुनेश्वर, महेन्द्र, उपेन्द्र, देवव्रत, धनराज, निखिल, राजा एवं ग्रामीणों द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

---

### गौरघाट में धान की रोपाई और बोआई शुरु

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में रबी फसल की तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। कड़ाके की ठंड के बीच किसान अपने खेतों में दिन-रात मेहनत करते दिखाई दे रहे हैं। जिन किसानों के पास सिंचाई के साधन मौजूद हैं, उन्होंने धान की रोपाई और बोआई का कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया है। रोपाई और लियाचोपा पद्धति का उपयोग क्षेत्र के गौरघाट सहित आसपास के गाँवों में रबी की फसल के लिए थरहा (नर्सरी) तैयार हो चुका है। किसान ट्यूबवेल के माध्यम से खेतों की सिंचाई कर रहे हैं और अब खेतों में रोपाई का दृश्य आम होने लगा है। वहीं, कई प्रगतिशील किसान जरी निकालकर लियाचोपा बोआई पद्धति को अपना रहे हैं, जिससे कम समय में अच्छी फसल की उम्मीद की जा रही है।



---

## पेज 9 के शेष...

### बोरसी उपार्जन केंद्र...

के द्वारा इस मामले मे किसी प्रकार से संज्ञान नहीं जा रहा है जिसके चलते किसानों मे आक्रोश है। अधिकारी कहते हुए आज 4 गाड़ी गई है लेकिन यहां पर परिवहन के लिए एक भी वाहन नहीं आती। आखिर ये सब कब तक चलेगा। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र बोरसी में कुल खरीदी 46838.40 ऋृक्वटल की धान खरीदी हो चुका है चूंकि उपार्जन केन्द्र बोरसी का बफर लिमिट 7200 क्विंटल है उपार्जन केन्द्र में धान का उठाव 8890.00 क्विंटल मिल एवं संग्रहण केन्द्र 1280.00 को जारी किया गया है और धान खरीदी केन्द्र में शेष धान 36668.40 क्विंटल बफर लिमिट से अधिक है। गत वर्ष कुल खरीदी 71310 क्विंटल किया गया था। उपार्जन केन्द्र में धान आवक अधिक होने के कारण रखने तौल करने के लिए जगह का अभाव है। उपार्जन केन्द्र से लगा हुआ वन विभाग (डिपो) द्वारा एवं गौठान की जगह को ग्राम गौठान समिति द्वारा मना किया जा रहा है। उक्त स्थित में आगामी दिवस में धान उपार्जन किया जाना संभव नही।समय मे परिवहन नहीं होने से उन किसानों को परेशानी होगी जिनका कूपन कट चुका है और उनका धान खरीदना जरूरी होगा लेकिन खरीदी करने के लिए पर्याप्त स्थान का होना आवश्यक है जो नहीं है। छन्नुलाल साहू ने कहा कि शासन धान परिवहन की व्यवस्था शीघ्र करे नहीं तो धान खरीदी बंद करना होगा।

### तेंदुए का नर...

करते हुए कैमरे में कैद हुए हैं। वन विभाग के कैमरे में नर और मादा तेंदुए उछलकूद मचाते हुए नजर आ रहे हैं। सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरूण जैन ने तेंदुए के जोड़े के देखे जाने की पुष्टि की है। वन विभाग ने एहतियात के तौर पर सीतानदी टाइगर रिजर्व के आस पास रहने वाले लोगों को सतर्क किया है। वन विभाग की ओर से कहा गया है इलाके में तेंदुए का जोड़ा सक्रिय है। सुरक्षा के लिहाज गांव वाले सतर्क रहें। वन विभाग की ओर से बताया गया कि सीतानदी अभयारण्य की टीम एसडीओ के नेतृत्व में जंगल का निरीक्षण करने के लिए निकली थी। टीम जब सीतानदी टाइगर रिजर्व के पहाड़ी और घासवाले इलाके में पहुंची तो वहां पर तेंदुए का जोड़ा उनको नजर आया। कैमरे में कैद तेंदुए का जोड़ा काफी स्वस्थ दिखाई दिया। तेंदुए के जोड़े की मौजूदगी से वन विभाग की टीम काफी खुश है। वन विभाग ने बताया कि वो रुटीन प्रक्रिया के तहत जंगल में गश्त के लिए जाते रहते हैं। नियमित निरीक्षण से जंगली जानवरी सुरक्षित भी रहते हैं और गश्त से शिकाारियों का खतरा भी कम होता है। रविवार रात एसडीओ अपनी टीम के साथ सीतानदी अभयारण्य का निरीक्षण करने कि लिए निकले थे। जंगल के किनारे तेंदुए का जोड़ा उनको नजर आया। वन विभाग की टीम ने जिस जोड़े की तस्वीर ली है, उसमें एक नर और एक मादा तेंदुआ है। हमने लोगों को सतर्क करने के निर्देश दिए हैं।

### 20 लीटर महुआ...

भरी कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग चार हजार रुपये बताई गई है। इसके साथ ही प्रकरण में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 23 एएन 5398, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपये है, को भी जब्त किया गया। इस तरह कुल 44 हजार रुपये की सामग्री पुलिस ने जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

### समाज के विकास...

निषाद समाज में काफी बदलाव आया है जो अन्य समाज की भांति विकास की मुख्य धारा में जुड़कर विकास की राह में निरन्तर आगे बढ़ रहे है। पहले निषाद समाज नदी में डोगा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे किन्तु समय के साथ निषाद समाज में पढ़ें लिखे नव जवान युवा आगे आ रहे हैं और महत्वपूर्ण पदों पर आज सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।अध्यक्षता के आसंदी से बोलते हुए दीपक श्रीवास उपाध्यक्ष नगर पंचायत ऋृफगेश्वर ने कहा समाज को आगे बढ़ाने में एक दुसरे में आपसी सहयोग एवं सौहार्दपूर्णभाव के साथ आपस में तालमेल ज़रूरी होनी चाहिए आगे बढ़ने के लिए बड़ों के साथ आपसी सहभागिता सुनिश्चित हो निषाद समाज निरन्तर आगे बढ़ रहा हैं निषाद समाज भक्त गुहा निषाद केवट का वंशज हैं जो भगवान श्रीराम के अनन्त भक्त रहें।जो भगवान श्रीराम के भक्ति में अपनी सम्पूर्ण जीवन समणपत कर पूरे निषाद समाज का गौरव बढ़ाया।मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम टीकम पटेल द्वारा संचालित श्रध्दा के फूल लोक संध्या झलप पटेवा जिला महासमुन्द का कार्यक्रम रखा गया था।संचालन थानू राम निषाद ने किया।

### रतनपुर में सर्व यादव...

असली ताकत है। जब महिलाएं एकजुट होंगी, तभी समाज और संगठन में उन्हें उनका वास्तविक सम्मान मिलेगा। प्रदेश स्तरीय इस आयोजन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है और रतनपुर की पावन भूमि पर नारी शक्ति के जागरण का यह आयोजन एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

### अपार आईडी और...

पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विषय शिक्षक विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का विश्लेषण कर कमजोर और औसत विद्यार्थियों की पहचान करें तथा उनके लिए अतिरिक्त मार्गदर्शन और अभ्यास की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और कमजोर श्रेणी के विद्यार्थियों पर विशेष फोकस कर उनके परिणाम में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

**पालकों को बच्चों की पढ़ाई में सहभागी बनाएं-** जिला शिक्षा अधिकारी ने यह भी कहा कि विद्यालय स्तर पर नियमित स्टाफ बैठक और पालक-शिक्षक बैठक आयोजित कर परीक्षा परिणामों का विश्लेषण किया जाए और पालकों को भी बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय रूप से सहभागी बनाया जाए। इसके साथ ही एक फरवरी से उन्नीस फरवरी तक विशेष अभियान चलाकर पुनरावृत्ति कक्षाएं, अतिरिक्त अभ्यास, मॉडल प्रश्न पत्रों का अभ्यास और संदेह समाधान सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए गए, जिससे परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन की सराहना करते हुए शिक्षकों को विद्यार्थियों के हित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बी. देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## बिरकोनी में इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के चंडी गेट मैदान में गणतंत्र दिवस पर रविवार को इलेवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता आयोजित किया गया हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यअतिथि सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर व जनपद सदस्य विष्णु साहू ने भारत माता व मां चण्डी के प्रतिमा की पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंद्राकर ने कहा कि खेल को खेलों की भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। जीत से खिलाड़ियों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। वहीं आयोजक समिति ने सभी टीमों को उचित व्यवहार के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। जनपत सदस्य विष्णु साहू ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से अनुशासन में रहकर खेल खेलना चाहिए। प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में खेलों से छुपी हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। जिससे आपसी प्रेमभाव बढ़े। जिसमें आयोजन समिति के लोगों ने अतिथियों का गुलाल लगा कर व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपसरपंच गिरीश चंद्राकर, ताम्रध्वज निषाद, छगन निषाद, डीजे मांडले, गोविंद साहू, कोतवाल गोकुल सोनवानी, तुकेश साहू, सूरज मलेकर, नोहर, सूरज, दुष्यंत सहित आदि उपस्थित थे।

### विमोचन : देशभर के 31 साहित्यकार राजिम में सम्मानित

# राज्यपाल ने किया एक पेड़ मां के नाम काव्य संग्रह का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान से प्रेरित होकर शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सागर शर्मा द्वारा साझा काव्य संग्रह एक पेड़ माँ के नाम के विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को राजिम के प्रेमरतन मैरिज पैलेस में किया गया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल रमेन डेका द्वारा राज्यपाल भवन में शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा रचित साझा काव्य संग्रह /"एक पेड़ माँ के नाम का विमोचन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल थे। अध्यक्षता चंदूलाल साहू अध्यक्ष बीज निगम ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी, कुलपति डॉ विनय पाठक,वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली मीर एवं महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका राजिम उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ किया गया। सरस्वती वंदना दुष्यंत वर्मा शिक्षक एवं स्वागत गीत निहारिका साहू व लक्ष्मी साहू ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर अखिल भारतीय स्तर पर साहित्यकारों द्वारा काव्य पाठ किया गया।

**काव्य संग्रह का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण-** महामहिम राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि आज जब पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक संतुलन की चुनौतियों से जूझ रहा है ऐसे में साहित्य का यह स्वरूप लोगों को प्रेरित करता है कि वह प्रकृति से जुड़े उसे समझे और उसकी रक्षा करें। एक पेड़ मां के नाम काव्य संग्रह पाठ को पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के सभी सदस्यों की नई सोच के लिए नमन कर बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार मां हमें निस्वार्थ प्रेम, ममता जीवन और आश्रय देती है उसी प्रकार वृक्ष भी हमें ऑक्सीजन छाया और आहार प्रदान करती हैं यह काव्य संग्रह साहित्य के माध्यम से हमें पर्यावरण संरक्षण की ओर उन्मुख करता है। कहा कि इस पुस्तक को शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में लेने के लिए निवेदन करने की भी बात कही। चंदूलाल साहू अध्यक्ष बीज निगम ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान और इसके तहत प्रकाशित काव्य संग्रह का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान से प्रेरित है जो लोगों को प्रकृति से जुड़ने और उसकी रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को देवतुल्य स्थान दिया गया है और मां को सृष्टि के रचयिता माना गया है। एक पेड़ मां के नाम इसी चिरककालिक परंपरा को आगे बढ़ाने वाला साहित्यिक अभियान है। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और साहित्य के क्षेत्र में किया जा रहे हैं सराहनीय कार्यों के लिए आयोजित टीम के संपादक एवं उनके सदस्यों को बधाई दी. महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका ने कहा कि यह काव्य मंच समाज में प्रेम और पर्यावरण जागरूकता का संदेश देती है. वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली ने नंदा जहि का रे,नंदा जहि का गीत गाकर उपस्थित जनों को मंत्र मुक्तमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम के अंत में साहित्यकारों को शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर उनका सम्मान किया गया। डॉ विनय पाठक कुलपति ने आयोजक टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज के युग में पर्यावरण चेतना का प्रसार प्राथमिक स्तर पर होना अपरिहार्य है। आप लोगों ने सर्जनात्मकता की दृष्टि से इसे उपादेय बना दिया है।



**31 रचनाकार शाल, श्रीफल व मोमेंटो से सम्मानित**

आयोजक मंडल के प्रमुख सागर शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम काव्य संग्रह के लिए के लिए देश के विभिन्न राज्यों से लगभग साढ़े 650 कविताएँ प्राप्त हुई थीं, जिनमें से श्रेष्ठ रचनाओं का चयन किया गया। चयनित 31 रचनाकारों को शाल, श्रीफल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं रूपय 1100 की नगद राशि एवं प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। सम्मानित होने वाले रचनाकार पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उड़ीसा, तमिलनाडु एवं छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से हैं। साझा काव्य संग्रह एक पेड़ माँ के नाम में प्रतियोगिता से चयनित श्रेष्ठ 151 कविताओं का संकलन किया गया। संचालन शिक्षक गिरीश शर्मा एवं समीक्षा गायकवाड़ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सागर शर्मा,विवेक शर्मा,रश्मि वर्मा, अभिषेक गोलछा, पूरन साहू, समीक्षा गायकवाड़, श्यामसुंदर साहू, मीनाक्षी शर्मा, पूनम दीवान, दुष्यंत वर्मा, विजेता देवानी, पूरन साहू,लक्ष्मीनारायण सेन, ओंकार शर्मा,अनिल मेघवानी, असीम श्याम हरित,राधिका साहू मोहम्मद अनवर, कमलेश लाँझे, अशोक तोंडे, डोलामनी साहू,शिवकुमार बंजारे, प्रीति शांडिल्य,लक्ष्मण बांधेकर, सुदामा प्रसाद लोधी, अनिल अवस्थी, गिरीश शर्मा, संतोष तारक, संतोष साहू, शांतिलाल कश्यप, एवं ज्ञानेंद्र शर्मा असरानी योगदान रहा। कार्यक्रम में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पूर्व सरपंच डाली साहू,जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह, सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर, प्राचार्य रामनारायण मिश्र, नोहर सिंह निषाद आत्माराम साहू शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पंडरीपानी में आंगनबाड़ी भवन अधूरा, जान जोखिम में डालकर नवनिहाल गढ़ रहे भविष्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में दर्जनों आंगनबाड़ी की स्थिति बेहद खराब है और समय समय पर सही मॉनीटरिंग नहीं होने के कारण समस्याओ का समाधान भी नहीं हो रहा है और तो और लगातार ग्रामीणों के द्वारा संबंधित विभाग के अफसरों से माग करने के बावजूद समस्या समाधान करने के बजाय सिर्फ निरीक्षण और पंचनामा के नाम पर कागजी कार्यवाही कर उच्च अधिकारियों तक प्रेषित कर दिया जाता है समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं करने के कारण आदिवासी क्षेत्र के नवनिहाल बच्चे बेहद परेशान है। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार राष्ट्रीय पोशण अभियान के तहत नवनिहाल बच्चों को हर तरह से पोशण आहार उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है और लाखो करोड़ो रूपये खर्च कर आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चो के लिए योजनाएं संचालित किया जा रहा है लेकिन आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। आज आंगनबाड़ी केन्द्रो में मुलभुत बुनियादी सुविधाएं नही मिल पा रहा है जैसे पानी, बिजली, शौचालय, खेल सामाग्री के साथ भवन के अभाव के कारण किराए के मकानो और झोपड़ियो में आंगनबाड़ी संचालित करना पड़ रहा है।



### आंबा में 21 नवनिहाल बच्चे अध्यनरत

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 02 किमी दूर ग्राम पंचायत मैनपुरकला के आश्रित ग्राम पंडरीपानी में आंगनबाड़ी में कुल 21 नवनिहाल बच्चे अध्यनरत है और इनके लिए आज तक भवन की व्यवस्था नहीु होने के कारण बच्चो को रंगमंच सामुदायिक भवन में प्रारंभिक शिक्षा दिया जा रहा है इसी एक कमरे में एक तरफ छोटे – छोटे बच्चे पढ़ाई कर रहे है तो दूसरी तरफ भवन निर्माण सामाग्री ग्रील, दरवाजा, खिड़की लोहे के सामाग्री व कबाड़ को भर दिया गया है जिससे कभी भी बच्चों के साथ दुर्घटना घटने की संभावना है। ज्ञात हो कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए लगभग 10 लाख रूपये स्वीकृत हुआ है और आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य पिछले डेढ़ वषों से अधुरा छोड़ दिया गया है भवन निर्माण कार्य कौन करवा रहा था कितने के लागत से किया जा रहा है कोई सूचना बोर्ड नहीं लगा है और क्यो निर्माण कार्य अधुरा छोड़ दिया गया है यह बताने वाला भी कोई नहीं है। सरपंच ने बताया की ग्राम पंचायत मैनपुरकला के सरपंच गज्जु नेगी ने बताया की पंडरीपानी में आंगनबाड़ी में बच्चो को बहुत परेशानी हो रही है यहां भवन जो अधूरा है वह पुराना कार्यकाल का है इसका जल्द निर्माण किया जाना चाहिए जिससे बच्चों को लाभ मिले।

## दूरस्थ इलाकों में शिक्षा स्तर सुधार कसावट लाने निरंतर समीक्षा की जरूरत : शिवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर में 25 संकुल केन्द्र के प्रधान पाठक, संकुल समन्वयकों की बैठक लेकर सोमवार को सर्व शिक्षा अभियान के जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला ने शिक्षा गुणवत्ता को लेकर आव"यक दिशा निर्देश दिया। 13 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक गरियाबंद, देवभोग, छुरा, फिंगेश्वर, अमलीपदर(मैनपुर) में विकासखंड के सभी प्राथमिक, माध्यमिक प्रधानपाठकों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक अलग अलग दिनों में आयोजित की गई। शैक्षणिक स्तर में सुधार एवं प्रशासनिक कसावट की –ष्टि से जिला मिशन समन्वयक द्वारा अपार आई डी, एफ एल एन, यू डाइस, ड्रॉपबॉक्स, सी डब्ल्यू एस एन चिन्हांकन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर अपूर्ण कायोंर् को पूर्ण करने एवं व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएमसी के अलावा, संबंधित बी ई ओ, बीआरसी एपीसी मनोज केला, विल्सन थॉमस, प्रोग्रामर नदीम अहमद, विनोबा प्रभारी शुभम पटेल आदि उपस्थित थे। शिक्षकों ने इस बैठक को बहुत उपयोगी बताया, कई वषोंर् बाद निचले स्तर के संस्था प्रमुखों की सीधी बैठक जिला अधिकारियों के साथ हुई है, आने वाले दिनों में इसके दूरगामी परिणाम देखने मिलेंगे डीएमसी शिवेश शुक्ला ने बताया कि दूरस्थ इलाकों में शिक्षा स्तर सुधार कसावट लाने उनसे सीधे संवाद एवं निरंतर समीक्षा की जरूरत है।

## जैन मुनि विशुद्ध सागर महाराज के स्वागत में उमड़ा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





जैन मुनि विशुद्ध सागर महाराज जी सहित 24 मुनियों का पावन पदार्पण पंचकल्याणक को लेकर नगर की पावन धरती पर हुआ। इस अवसर पर उनके स्वागत करने के लिए जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, राजा चावला, मंगराज सोनकर, ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ आर बी शर्मा, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, मधुसुदन शर्मा, वेदप्रकाश तिवारी, श्याम किशोर शर्मा, कैलाश शुक्ला, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, ,सौरभ शर्मा, अशोक तिवारी, अजय तिवारी, शिव तिवारी, सुभाष शर्मा, हिमांशु दुबे, श्रीनिवास शुक्ला, दिनेश तिवारी, चंद्रिका शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, महेश तिवारी, सौरभ उपाध्याय, हिमांशु दुबे, कैलाश तिवारी, मनहरण तिवारी, जितेंद्र भट्ट, पीयूष शर्मा, अंजय शर्मा, अखिलेश शर्मा, अतुल शर्मा, प्रशांत मिश्र, कमल शर्मा, दिनेश शर्मा, सुभाषिनी शर्मा, तिवारी, रुचि शर्मा, तारणी शर्मा, आयुषी शर्मा गुरप्रीत कौर, साज चावला, प्रिंस, परमजीत, सक्षम जीत सहित सैकड़ो की संख्या में शहरवासी शामिल थे।

## विधायक ने श्री विशुद्ध सागर महाराज से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू ने सोमवार को पूज्य मुनि श्री विशुद्ध सागर महाराज जी का दंडवत प्रणाम करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक साहू ने विनय भाव से संतश्री का आशीर्वचन लिया और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। मुनि श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने उन्हें जनसेवा, धर्म और सदाचार के मार्ग पर सतत अग्रसर रहने का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं में भी विशेष श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।





**मैनपुर में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन**

## वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटना में कमी आयेगी : लितेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को सप्ताहिक सोमवार बाजार के दिन सड़क सुरक्षा सप्ताह को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बस स्टैंड में पंडाल लगाकर जहां एक ओर लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन का किया गया वही कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिक पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक नोडल यातायात सुश्री लितेश सिंह ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमो के संबंध में लोगो को जानकारी देते हुए बताया मोटर साइकिल चालको को बिना हेलमेट वाहन नही चलाना चाहिए साथ ही वाहन चलाते समय मोबाइल में बात न करे, नशे की हालत में वाहन न चलाये, सीट बेस्ट, हेलमेट पहनना, गति सीमा का पालन करना, शराब पीकर वाहन न चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग करना, ट्रैफिक सिंगनल एवं संकेतो का पालन करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने भी उपस्थित लोगो से यातायात नियमो का पालन करने की अपील किया। भाजपा महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओ में कमी आयेगी और समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाने से इसका लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा।



**45 लोगों को लर्निंग लायसेंस बनाया गया-** गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धिरेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में लितेश सिंह उप पुलिस अधीक्षक नोडल यातायात, ओमप्रकाश कुजुर अनुविभगीय अधिकारी पुलिस मैनपुर एवं यातायात टीम जिला परिवाहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर के द्वारा सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है जिसके तहत आज थाना मैनपुर क्षेत्र में जिला परिवहन विभाग से समन्वय कर सड़क सुरक्षा कार्यक्रम व लर्निंग लायसेंसे शिविर का आयोजन किया गया तथा आम लोगों व वाहन चालकों को सड़कों पर आवश्यक रूप से यातायात नियमों के पालन करने के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही परिवहन विभाग द्वारा दो दिवसिय आयोजित कार्यक्रमें में पहले दिन 45 लोगों को लर्निंग लायसेंस बनाया गया। जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके। इस दौरान पुलिस सहयोगी गणमान्य नागरिक एवं पुलिस विभाग से यातायात प्रभारी सहायक पुलिस निरीक्षक रामाधार मरकाम, प्र.आर. धर्मेन्द्र ठाकुर, आरक्षक विरेन्द्र पटेल, अनिल पाण्डेय, थाना मैनपुर से प्र.आर. प्रहलाद थानापति, अजीत खुंटे, चुडामणी देवता, जिला परिवहन विभाग से जिला परिवाहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, कोमल ठाकुर, जाकिर रजा, पुलस्त शर्मा, दिनेश सिन्हा, कैलाश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को गुलाब का फूल दिया गया।

## समय के साथ शिक्षा को बदलना अनिवार्य : प्रो. अंजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




आईएसबीएम विश्वविद्यालय में नवाचार पर मंथन

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा, कोसमी, छुरा में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की प्राचार्या प्रो. अंजली अवधिया थी। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएससी) के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बदलते समय के साथ शिक्षण की नई विधियों पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता प्रो. अंजली अवधिया ने कहा कि आज यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है कि 'पैडगॉजी क्या है' और शिक्षा का वास्तविक आउटकम क्या होना चाहिए। समय के साथ शिक्षा को भी बदलना ही होगा। 21वीं सदी में आवश्यक स्किल्स बदल चुकी हैं। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, प्रभावी संप्रेषण क्षमता और नवाचार को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि आज गाइडेड इंस्ट्रक्शन की अपेक्षा कंस्ट्रक्टिविज़्म (निर्माणवाद) को अपनाने की आवश्यकता है। कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि शिक्षण विधियां कोई एकरूप या स्थिर संरचना नहीं होतीं। शिक्षा का कोई एक 'यूनिफॉर्म' नहीं हो सकता। साहित्य, कला और मानविकी जैसे विषयों को प्रबंधन या विज्ञान की शिक्षण विधियों से समझाया नहीं जा सकता। प्रत्येक विषय की अपनी प्रकृति, संवेदना और बौद्धिक मांग होती है। इसलिए हर विषय के अध्ययन और अध्यापन के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण, विधि और समझ की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने कहा कि बदलते समय के साथ आज हमारा अनुभव बदल रहा है इसलिए शिक्षण करने की विधियां भी अवश्य बदलनी चाहिए। मुख्य अतिथि का परिचय विज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने किया। स्वागत वक्तव्य डॉ. पी विश्वनाथन ने दिया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एन कुमार स्वामी ने दिया। इस कार्यक्रम का संचालन सुश्री सुकृति पाठक ने किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 24 जनवरी से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के गुडी चौक में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम रखा गया है। 24 जनवरी शनिवार व 25 जनवरी रविवार दो दिन का गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों खरोरा द्वारा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ रखा गया है। 24 जनवरी को दोपहर 3 बजे शनिवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी और शाम 7 बजे दीप महायज्ञ भी किया जाएगा। 25 जनवरी रविवार सुबह 10 बजे से गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। माता गायत्री हिंदू धर्म में एक पूजनीय देवी हैं, जिन्हें वेदों की जननी वेद माता और सभी शक्तियों का स्त्रोत माना जाता है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने जानकारी दी।

### खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन शिविर का आयोजन 21 को

**महासमुंद।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला महासमुंद द्वारा 21 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जैन सूरि भवन, रेलवे स्टेशन के सामने, बागबाहरा में खाद्य जागरूकता एवं खाद्य अनुज्ञप्ति/पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बागबाहरा विकासखंड के खाद्य एवं मेडिकल व्यवसायी ऑनलाइन आवेदन कर खाद्य पंजीयन अथवा अनुज्ञप्ति बनवा सकेंगे। शिविर में अभिहित अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की जानकारी दी जाएगी। 12 लाख रुपए से कम वार्षिक टर्नओवर वाले व्यवसायी पंजीयन तथा 12 लाख से अधिक टर्नओवर वाले व्यवसायी अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवश्यक दस्तावेजों मंय आधार कार्ड, बिजली बिल, कलर फोटो, ड्रग्स लाइसेंस (दवाई दुकान हेतु) सहित पंजीयन के लिए चालान (100/प्रति वर्ष, अधिकतम 05 वर्ष) एवं अनुज्ञप्ति के लिए चालान (2000/प्रति वर्ष, अधिकतम 05 वर्ष) के साथ मौके पर ही आवेदन किया जा सकेगा। खाद्य कारोबारकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## निधन

### अशोक दीक्षित (मक्कू महराज)

**छुरा।** नगर के वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी एवं कांग्रेस कमेटी के सक्रिय कार्यकर्ता अशोक दीक्षित का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे नगर पंचायत के पार्षद रहे तथा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष, जनपद सदस्य सहित कई महत्वपूर्ण



दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। अंतिम संस्कार में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक ओंकार शाह, नथमल शर्मा, बालमुकुंद मिश्रा, कामता प्रसाद तिवारी, यशपेंद्र शाह, ललित मेहता, शमीम खान, छत्तर सिंह ठाकुर, सलीम मेमन, शंकर सीतलानी, रमेश जायसवाल, राकेश शर्मा, देव सिंह नेताम, रामलाल कुलदीप, रमेश शर्मा, संतोष तारक, रामकरण त्रिवेदी, बालमुकुंद चंद्राकर, भानु भारद्वाज सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### पिताम्बर मांझी

**मैनपुर।** ग्राम गोहरापदर के वरिष्ठ नागरिक पिताम्बर (पिन्टु) मांझी शिक्षक का सोमवार को निधन हो गया। उनका पिछले कुछ दिनों से उनका इलाज रायपुर के एक नीजी अस्पताल में चल रहा था। ज्ञात हो



कि पिताम्बर मांझी बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी के पुत्र थे और मैनपुर जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नुरमति मांझी के पति थे। पिताम्बर मांझी अपने पीछे एक अपना भरापूरा परिवार छोड़कर चले गये और कल मंगलवार 20 जनवरी को गृहग्राम में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

---

**जयंती : मातंर्ड मल्हारी खंडोबा और आई तुलजा भवानी रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह में सांसद**

# जीजा माता के संस्कारों से ही भारत में हुआ हिंदुत्व का पुनरुत्थान : रूपकुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

छत्तीसगढ़ मराठा समाज रायपुर के मार्गदर्शन में जिला मराठा समाज राजिम जिला गरियाबंद के तत्वावधान में रविवार को धर्म नगरी राजिम में मातंर्ड मल्हारी खंडोबा और आई तुलजा भवानी मंदिर के रजत जयंती स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्तरीय विवाह योग्य मराठा युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2026 और युवक-युवती परिचय पत्रिका के साथ ही 53 वें श्री खंडोबा वार्षिक उत्सव रतनपुर जिला बिलासपुर के पत्रिका का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को याद करतें हुए बताया कि उनकी मां जीजा माता ने एक आदर्श गुरु के रूप में धर्म नीति और संस्कार के बीज बचपने में ही उन्हें दिए जिसके कारण भारत में हिन्दवी साम्राज्य के तहत सनातन धर्म का पुनरूत्थान हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं और युवक-युवतियों की सक्रिय भागीदारी की प्रसंशा करते हुए फिजूल खर्ची से बचने और विचारों की सम्पन्नता बढ़ाने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ मराठा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राघोबा महाड़िक ने बताया कि मातंर्ड मल्हारी खंडोबा और आई तुलजा भवानी के मंदिर की स्थापना 1990 से लेकर 2026 के मराठा समाज के सफर में मराठा समाज के सदस्यों का अतुलनीय योगदान रहा जिसके लिए उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ के मराठा परिवार को धन्यवाद दिया। कहा कि समाज के सोच के अनुसार ही समाज के उन्नति के लिए और शासन की योजनाओं को मराठा समाज के सभी सदस्यों को दिलाने का प्रयास किया जा रहा है इसी परिपेक्ष में छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक -युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें पूरे मराठा समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि राजिम के महाड़िक परिवार ने कुल देवता खंडोबा के मंदिर स्थापना का स्वप्न देखा इसके लिए पूरे छत्तीसगढ़ के मराठा समाज ने मिल-जुलकर मंदिर स्थापना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आज हम रजत जयंती समारोह मना रहे हैं। यह मंदिर अब सकल मराठा समाज के उन्नति और छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदुत्व से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहा है। समाज उनका सदैव ऋणी रहेगा। इसी परिपेक्ष में उन्होंने आशा प्रकट किया कि छत्रपति शिवाजी महाराज के अश्वारोही प्रतिमा की स्थापना समाज के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है इसके लिए सांसद महोदय और शासन से विशेष सहयोग की आशा की।






**समाज के कार्यक्रम में बढ-चढ़ कर हिस्सा लेना और सक्रिय भागीदारी करना जीवंतता को करता प्रदर्शित : महंत रामसुंदर दास**

श्री राजीव लोचन ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास ने कहा कि समाज के कार्यक्रम में बढ-चढ़ कर हिस्सा लेना और सक्रिय भागीदारी करना समाज और इसमें रहने वाले सदस्यों की जीवंतता को प्रदर्शित करता है। मराठा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कोंढरे ने बड़ी संख्या में पहुंचे मराठा बंधुओ की उपस्थिति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मराठो की स्थिति को सुधारने शासन से इसके लिए योजना बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और महाराष्ट्र में मिल रही सुविधाओं का उल्लेख किया। छत्तीसगढ़ महिला मण्डल अध्यक्ष अंजना जाधव ने कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से पधारे युवक और युवतियां को सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन महासचिव आशीष शिंदे ने की। आभार प्रदर्शन ललित महाड़िक अध्यक्ष राजिम मराठा समाज ने किया। कार्यक्रम में शंभाजी घाटगे, ललित महाड़िक, आदर्श राव शिंदे, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, तात्या राव शिंदे, मीता महाड़िक, गंगोत्री पालकर, सोनल महाड़िक, शोभना शिंदे, शैलजा शिंदे, अंजली घाटगे, हेमा दिघे, शैल चौहान, अंजली शिंदे, सहित रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, भिलाई, जगदलपुर, कांकेर, कोरबा जिलों के समाज प्रमुख, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

### ऐतिहासिक महत्व

मुख्यमंत्री जी से मुलाकात के लिए निवेदन किया बताया कि मराठा शासन काल में श्री बिम्बा जी राव भोसले जी का शासन छत्तीसगढ़ में रहा है जिसकी राजधानी रतनपुर रहा और अपने जीवन का अंतिम समय उन्होंने छत्तीसगढ़ में बिताया जिनकी समाधि महासमुंद जिला के कोमाखान के पास नर्रा गांव में है जो अभी जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं और इसे पुरातत्व में स्थान मिलना चाहिए और उसे इतिहास में दर्ज होना चाहिए। बताया कि बिम्बा जी राव भोसले ने दूधाधारी मंदिर रायपुर का जीर्णोद्धार किया यहां तक कि जगन्नाथ मंदिर पुरी तक का उनका पुनर्निर्माण में योगदान रहा। उन्होंने नवापारा राजिम में जब अपना पड़ाव डाला तो वहां से पैदल जितनी दूरी श्री राजीव लोचन मंदिर तक जितने पद उन्होंने सफर किया उतनी भूमि उन्होंने श्री राजीव लोचन मंदिर के नाम समर्पित किया। श्री महाड़िक ने सांसद रूपकुमारी चौधरी से मंदिर के आसपास के सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत करे आग्रह किया।

---

# मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर कांग्रेस की निर्णायक हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर के नेतृत्व में तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की उपस्थिति में बुधवार को मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत श्यामनगर मंडल क्षेत्र से की गई। अभियान का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात पदयात्रा ग्राम पंचायत लफेंदी पहुँची, जहां नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। यात्रा धूमा गली का भ्रमण करते हुए श्यामनगर पहुँची, जहां भ्रमण एवं नुक्कड़ सभा के साथ समापन किया गया। लगभग 10 किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा के साथ आंदोलन की औपचारिक शुरुआत हुई। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि यह पदयात्रा मनरेगा पर हो रहे हमलों के खिलाफ आवाज बुलंद करने तथा मेहनतकश वर्ग के अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन गांव-गांव और पंचायत-पंचायत तक पहुँचेगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर और किसान का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार मनरेगा को कमजोर करने की साजिश कर रही है। काम के अवसरों में कटौती की जा रही है और मजदूरी भुगतान में लगातार देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा बचेगा, तभी ग्रामीणों का रोजगार बचेगा। इस पदयात्रा में जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू, ब्लॉक प्रभारी पवन सोनकर, शाह प्रभारी रामनारायण साहू, मंडल अध्यक्ष होरीलाल वर्मा, डेकेश्वर ठाकुर, सुनील तिवारी, प्रहलाद गंधर्व, विकास तिवारी, रामकुमार गोस्वामी, नीरज ठाकुर, रमेश वर्मा, खेमू साहू, दयानंद साहू, मंडल प्रभारी सुंदर साहू, माखन वर्मा, प्रकाश साहू, डोमलाल तारक, वीरेंद्र साहू, सुदामा वर्मा, डॉ. पुष्कर, चंद्रिका साहू, धर्मवीर वर्मा, भारत निर्मलकर, रामशाह निषाद, जानकी निर्मलकर, कविता साहू, मेनका साहू, खोमीन साहू, क्रांति तारक, बसंत पटेल, रमेश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




# सुरसाबांधा में आरएसएस ने मनाई मकर संक्रांति पर्व

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

- समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

श्रीराम संयुक्त प्रभात शाखा सुरसाबांधा की ओर से रविवार को पंचायत भवन में मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत माता, संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार एवं द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी के छायाचित्र पर पूजन-वंदन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी छह उत्सव इसी प्रकार सामूहिक रूप से आयोजित होने चाहिए, जिससे समाज संघ को समझ सके, व्यक्तियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हो तथा नए स्वयंसेवक तैयार हों। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नगर सह संघचालक नवापारा नगर डॉ. केआर सिन्हा ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों वर्ष पूर्व सटीक खगोलीय ज्ञान समाज को प्रदान किया था, लेकिन लगभग आठ सौ वर्षों की गुलामी के कारण देश पिछड़ गया। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने देश को इस गुलामी के अंधकार से बाहर निकालने का कार्य किया। आज संघ राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। मकर संक्रांति का पर्व संकल्प लेने का पर्व है, जब हमें अपने समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में शाखा स्वयंसेवक धर्मेंद्र साहू ने मकर संक्रांति विषय पर अपने विचार रखे। लिलेश कुमार वर्मा ने एकल गीत तथा गणेश साहू ने सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। जिला बौद्धिक प्रमुख श्याम सुंदर साहू ने मंच संचालन करते हुए सभी अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर फिंगेश्वर खंड के खंड पर्यावरण संयोजक मानिक साहू सहित महेंद्र साहू, सतीश साहू, ढालेंद्र वर्मा, डिगेश वर्मा, जयश साहू, भूपेंद्र साहू, गोपी यादव, इंदु साहू, देवेंद्र साहू, चुम्मन साहू, कुणाल सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा के 120 बच्चों और 30 पालकों ने पुरातात्विक एवं सामरिक महत्व के केंद्रों का शैक्षणिक भ्रमण किया। पुरखौती मुक्तांगन, आदिवासी संग्रहालय और शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का दौरा किया। इस भ्रमण के दौरान बच्चों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, कला, इतिहास और जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य संतोष निषाद ने बच्चों को स्थलों की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ के रहन-सहन, रीति-रिवाज, व्यवसाय, वेशभूषा, आभूषण और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में बताया। बच्चों ने पुरखों की विविध कला कौशल, स्थापत्य कला, संस्कृति, नृत्य और हरियाली बाग-बगीचों का अवलोकन किया। इस भ्रमण के बाद, बच्चों और पालकों ने खुशियों से भरी आवाज से विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद किया। बच्चों और पालकों को बसंत पंचमी के लिए आमंत्रित किया और इस अवसर पर नए प्रवेश के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की। इस अवसर पर प्राचार्य ने बसंत पंचमी के दिन सत्र 2026-27 हेतु नया प्रवेश पर एडमिशन फीस फ्री और तीन माह की पढ़ाई शुल्क फ्री की घोषणा की। पालकों ने इस घोषणा का स्वागत किया और अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए उत्सुकता दिखाई। पालकों ने इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त की और अपने बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए हामी भरी। इस भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के पालकगण टेमन लाल साहू, मोहेन्द्र साहू, विजय लक्ष्मी साहू, गंगा ओगारे, पूजा साहू, टिकेश्वरी साहू, खिलेश्वरी साहू, शारदा सिन्हा, शंकर लाल यदु, देवनारायण यदु, हेमलाल पटेल, अर्जुन धनंजय सिन्हा, हरीश साहू, गीतांजलि ठाकुर, रमेश सेन इत्यादि एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं अर्चना साहू, जया यादव, देवबती निषाद, चितरंजनी निषाद, मंजुलता साहू, हेमा साहू, सुधा सेनापति, हुमेश्वरी साहू, अंकित कंवर, हसीं साहू, यूनिश भरतद्वाज, कृष्णेश कुमार यादव, अन्य कर्मचारी राधा, हेमा, दशमत दीदी, डिगेश ध्रुव, डिगेश्वर ध्रुव, यश यादव, धन्नू सोरी सभी के सहयोग रहा।




### 8वीं राष्ट्रीय स्पर्धा रग्बी फुटबाल में भुवनेश्वर के लिए भूपेंद्र का चयन

**महासमुंद।** 8वीं सब जूनियर अंडर 15 राष्ट्रीय स्पर्धा रग्बी फुटबॉल भुवनेश्वर में 18 जनवरी 2026 से 22 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए महासमुंद जिले से भूपेंद्र साहू पिता शंकरलाल साहू पी एम सेजेस तुमगांव कक्षा 9 वीं के छात्र का चयन किया गया है। चयन पर छात्र को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, जिला खेल अधिकारी विभाग मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीडा अधिकारी अंजली बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, प्राचार्य पीएम सेजेस तुमगांव देवेंद्र अगलावे, वरिष्ठ व्याख्याता लंकेश कुरील, आईएलआई, केआर-साहू सिद्धांत गायगौरे, पवन डडसेना, खेल प्रशिक्षक सुनील भोई, हेमलता साहू तिलक शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया।

---

**सारागांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज**

# खेल से बढ़ता है आपसी भाईचारा और अनुशासन : बालमुकुंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

विकासखंड अंतर्गत ग्राम सारागांव में गांव के युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम के प्रमुख बालमुकुंद मिश्रा एवं ग्रामीणजनों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों एवं दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख बालमुकुंद मिश्रा ने उपस्थित खिलाड़ियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांवों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल उन्हें उचित मंच और अवसर प्रदान करने की। ऐसे आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की छिपी प्रतिभा सामने आती है, जिससे वे आगे चलकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

**युवाओं को खेल को सकारात्मक सोच के साथ खेलना चाहिए**- उन्होंने आगे कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह आपसी भाईचारे, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करता है। युवाओं को खेल को सकारात्मक सोच के साथ खेलना चाहिए और हार-जीत की भावना से ऊपर उठकर खेल भावना को अपनाना चाहिए। इस तरह के आयोजनों से गांव में आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता को भी बल मिलता है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रमुख बालमुकुंद मिश्रा ने सभी आयोजकों, खिलाड़ियों एवं सहयोग करने वाले ग्रामीणों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सरपंच गोकुल ध्रुव, प्रेमलाल देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के आयोजन से ग्राम सारागांव में खेल के प्रति उत्साह का माहौल बना हुआ है।



